13/13

तारीख	हुक्म या कार्यवाही मय अनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
04.06.2018	वकील अपीलाण्ट अनुपस्थित। अपीलाण्ट एवं उनके द्वारा नियुक्त अधिवक्ता को प्रकरण में पैरवी हेतु बार–बार आवाजे लगवाई गई, किन्तु अपीलाण्ट एवं उनके अधिवक्ता पैरवी हेतु न्यायालय में असालतन अथवा वकालतन उपस्थित नहीं हुए। इस पर गुणावगुण पर पत्रावली का अवलोकन किया। प्रकरण में जिस निर्णय के विरूद्ध अपीलाण्ट द्वारा यह अपील प्रस्तुत की है, उसे अपास्त कराने हेतु अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष दिनांक 03.01.2013 को ही अपीलाण्ट द्वारा सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 के आदेश 9 नियम 13 के तहत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जा चुका है, जो दिनांक 10.01.2013 को स्वीकार किया जा चुका है। इस कारण तकनीकि रूप से जैर अपील आदेश प्रभावहीन हो कर पत्रावली उक्त आदेश पारित होने से पूर्व की स्थिति अर्थात जवाबदावा हेतु नियत हो चुकी थी। इस कारण उक्त अपील प्रभावहीन पाई जाती है। तद्नुसार अपीलाण्ट द्वारा प्रस्तुत अपील अदम पैरवी एवं अदम हाजरी एवं गुणावगुण पर भी सारहीन एवं प्रभावहीन होने से खारिज की जाती है। निर्णय की प्रति के साथ अधीनस्थ न्यायालय का रेकर्ड लौटाया जावे। पत्रावली बाद पालना फैसल में शुमार होकर नम्बर से कम हो। **राजस्व अपील प्राधिकारी, पाली**	

नम्बर तारीख अहकाम इस हुक्म की तामील में जारी हुए